# तत्कालीन सीजीएसटी अधीक्षक निकला धनकुबेर

## सीबीआई जबलपुर ने दर्ज किया आय से अधिक संपत्ति का मामला

**जबलपुर,29 जनवरी. दमोह नोहटा में स्थित पान मसाला व तम्बाकू प्रोडक्ट की सील फैक्ट्री को खोलने के एवज में कारोबारी से रिश्वत लेने वाला सीजीएसटी जबलपुर का तत्कालीन अधीक्षक धनकुबेर निकला है.**

लंबी जांच पड़ताल, दस्तावेजों की छानबीन के बाद सीबीआई जबलपुर ने रिश्वतखोर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर दर्ज कर ली है. आरोपित की 96, 91, 390 रुपये की अनुपातहीन संपत्ति पाई गई जो आय के स्रोत से 155.93 प्रतिशत अधिक है. विदित हो कि 13 जून 2023 में वस्तु एवं सेवा कर विभाग के पांच अफसरों को



जबलपुर सीबीआई ने सात लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था. सीबीआई ने अधीक्षक कपिल कांबले और अधीक्षक सोमेन गोस्वामी समेत इंस्पेक्टर प्रदीप हजारी, विकास गुप्ता और वीरेंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था. इस मामले की विस्तृत जांच के बाद अब आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण दर्ज किया गया है.

**क्या है मामला:** विदित हो कि दमोह नोहटा में स्थित पान मसाला व तम्बाकू प्रोडक्ट की फैक्ट्री में सीजीएसटी जबलपुर के अफसरों ने जीएसटी चोरी के आरोप में 18 मई 2023 को छापेमारी करते हुए उसे सील कर दिया था. फैक्ट्री को खोलने के एवज में कारोबारी से रिश्वत की मांग की थी. किसी को संदेह न हो इसलिए फर्म पर दस लाख 68 हजार की जीएसटी चोरी का चालान काटा था. इसके बाद 35 लाख अलग से रिश्वत मांगी गई थी. कारोबारी ने 5 जून को रिश्वत के 25 लाख देने के साथ ही फर्म मालिक ने चालान की राशि जमा की थी बाकी की रकम न मिलने पर फर्म संचालक को मशीने कुर्क करने की धमकी दी जा रही थी.

### फोटो खींचना नहीं बनता धारा 509 के तहत अपराध

**जबलपुर.** हाईकोर्ट ने अपने अहम फैसले में कहा है कि फोटो खींचने के आरोप धारा 509 के तहत अपराध दर्ज करने आवश्यक तथ्य में नहीं आता है. हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी ने आवेदक अधिवक्ता के खिलाफ धारा 509 के तहत दर्ज अपराध को निरस्त करने के आदेश जारी किये है. अधिवक्ता सुभाष तिवारी ने थाना सोहागी जिला रीवा में उसके खिलाफ धारा 509 के तहत दर्ज अपराध को निरस्त करने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. याचिका में कहा गया था कि शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि वह अपने दोस्तो के साथ मार्केट में जूस पी रही थी. इस दौरान आवेदक अधिवक्ता ने उसकी फोटो खीच ली और और उसे बदनाम करने की धमकी दी. आवेदक की तरफ से तर्क दिया गया कि फोटो खींचने की घटना 31 मई 2024 की बताई गई है और एफआईआर पांच महीने बाद 17 अक्टूबर को दर्ज कराई गई है. इसके अलावा शिकायतकर्ता महिला के दादा के प्रकरण में विपक्षी पक्ष के तरफ से याचिकाकर्ता पैरवी कर रहे है. आवेदक के विरुद्ध पेशेगत शत्रुता एवं व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण एफआईआर दर्ज करवाई गयी है. एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह अपने दोस्तों के साथ जूस पी रही थी और आवेदक ने उसकी फोटो खींच ली और बाद में अभियोजन के प्रकरण में धारा 509 के जरूरी तत्व नहीं हैं.

# हाईकोर्ट बार चुनाव में मनीष यादव अध्यक्ष

**इंदौर,29 जनवरी. इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम बुधवार देर रात घोषित कर दिए गए. कड़े और रोचक मुकाबले के बाद अध्यक्ष पद पर मनीष यादव ने जीत दर्ज की.**

उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गौरव श्रीवास्तव को 20 मतों से हराया. उपाध्यक्ष, सचिव और सह सचिव पदों पर भी नई टीम चुनी गई, जबकि एक्जीक्यूटिव मेंबर के पांच पदों पर अलग-अलग प्रत्याशी निर्वाचित हुए. मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज द्विवेदी और मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि मतदान शाम 6 बजे तक हुआ, इसके बाद 7 बजे से मतगणना शुरू की गई, जो रात करीब 1 बजे तक चली. कुल 2632 मतदाताओं में से 1914 अधिवक्ताओं ने मतदान किया.



अध्यक्ष पद का मुकाबला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा.

शुरुआती राउंड में गौरव श्रीवास्तव ने बढ़त बनाई, लेकिन चौथे-पांचवें राउंड के बाद मुकाबला कांटे का हो गया. 17वें राउंड के बाद मनीष यादव निर्णायक बढ़त लेते चले गए और 20वें राउंड तक बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की. वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक तुगनावत की जीत शुरू से ही लगभग तय मानी जा रही थी. उन्होंने भारी मतों के अंतर से प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया. जबकि सचिव पद पर मतगणना के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन अंत में मनीष गडकर ने बाजी मारी.

# कई अभिनेता और फिल्ममेकर पहुंचे सीधी

### विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ

**सीधी, 29 जनवरी. वैष्णवी गार्डन सीधी में बुधवार को विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े फिल्म आयोजन विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के सातवें संस्करण का भव्य शुभारंभ किया गया.**

आयोजन समिति के संरक्षक इंजी.आर.बी.सिंह एवं डॉ.अनूप मिश्र सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम की शुरुआत सृजन मिश्र द्वारा मां वीणावादिनी की वंदना से हुई, जिसमें बांसुरी पर रवी और तबले




पर सत्यदीप द्विवेदी गोलू ने संगत की. इसके पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया. फेस्टिवल में देश-विदेश से अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों और फिल्ममेकरों की उपस्थिति रही. प्रमुख अतिथियों में अभिनेत्री कामना पाठक मुंबई, अभिनेता संदीप श्रीधर मुंबई, फिल्ममेकर स्टीफानो रोसेत्ती इटली, इंद्रमोहन सिंह, सतीश सिंह बादल मुंबई, आशीष बाथरी म.प्र., सूर्यकांत वर्मा उ.प्र., सम्पत कुमार सुब्रमण्यम, प्रभा केए तमिलनाडु, पुष्पेंद्र अल्बे म.प्र., रोहित पाटीदार, राजेश धवले महाराष्ट्र और संजय तिवारी उ.प्र. शामिल रहे.

## धान से भरा गोदाम जलकर खाक

**शहडोल.** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसरहा बीज भंडार के धान से भरे गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का धान जलकर खाक हो गया. आग इतनी विकराल थी कि धुएं और लपटों ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी. सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. कलेक्टर, एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है, जांच के आदेश दिए गए हैं. धान खरीदी में पहले से सामने आ रही गड़बड़ियों के बीच इस घटना ने भंडारण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# रीवा कला-संस्कृति के क्षेत्र में आगे है : उप मुख्यमंत्री

### चित्रांगन अंतरराष्ट्रीय फिल्म व थियेटर फेस्टिबल में शामिल

**भोपाल 29 जनवरी . उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा विकास के क्षेत्र में ही नहीं कला व संस्कृति के क्षेत्र में भी आगे है. कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम कला प्रेमियों के लिए वह स्थल बन गया है जहां महानगरों की तरह ही राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं.**

रंग उत्सव नाट्य समिति द्वारा आयोजित चित्रांगन अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म एवं थियेटर फेस्टिबल के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री



श्री शुक्ल ने कहा कि महाभारत सीरियल में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले श्री नीतीश भारद्वाज के चर्चित नाटक चक्रव्यूह की प्रस्तुति रीवा के सुधी दर्शकों को अविभूत कर गई और हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह नाट्य मंचन देखने को मिला. इस अवसर पर भारद्वाज ने कहा कि रंगमच और सिनेमा समाज का दर्पण है. उन्होंने रीवा के सुधी दर्शकों की समझ की सराहना भी की.

उन्होंने कहा कि श्री भारद्वाज व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत नाटक का मंचन मानस पटल पर चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेगा. उन्होंने कहा कि रीवा के लोग रिश्ते बनाना नहीं रिश्ते निभाना भी जानते हैं जिसका उदाहरण यह राजकपूर आडिटोरियम है जहाँ राजकपूर जी का विवाह हुआ था और अब इस स्थान में भव्य आडिटोरियम कला व संस्कृति प्रेमियों के लिये माध्यम बना है. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आयोजन समिति को बधाई दी.

### एक नजर में

## मंडल अध्यक्ष व स्वास्थ्यकर्मी के बीच राजीनामा

**ग्वालियर, 29 जनवरी.** भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर एवं सिविल अस्पताल हजीरा के कर्मचारी मंगल सिंह भदौरिया के मध्य सिविल अस्पताल में विगत दिवस मारपीट हो गई थी. इस बात को लेकर दोनों के मध्य परिवारजनों और रिश्तेदारों ने गलतफहमी और मतभेदों को दूर करवा दिया है. वहीं उन्होंने कहा कि वह आपस में रिश्तेदार भी हैं. अब उनके मध्य किसी भी प्रकार की कोई द्वेष की भावना नहीं है. दोनों पक्षों ने राजीनामा करते हुए कहा यह विवाद अंजाने में हुआ था, किन्तु अब हमारे बीच में कुछ भी नहीं है.

## यातायात व्यवस्था सिस्टम फेल, लगा जाम

**सिंगरौली 29 जनवरी.** जिला मुख्यालय बैढ़न की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है. पुलिस और प्रशासन चाहे जितने दावे कर लें, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है. गुरुवार को कॉलेज चौराहा-बिलौंजी क्षेत्र में हालात इतने बदतर हो गए कि स ?क पर यातायात पुलिस का एक भी जवान दूर-दूर तक नजर नहीं आया. चौराहे पर अव्यवस्थित तरीके से दौड़ते वाहन और पुलिस की गैरमौजूदगी ने पूरे इलाके को जाम में तब्दील कर दिया. स्थिति यह थी कि बाइक तक निकालना मुश्किल हो गया. करीब 200 मीटर लंबा जाम लग गया.

## क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनियों पर चला बुल्डोजर



**ग्वालियर, 29 जनवरी.** जिले में गुरुवार को दो अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई. कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे. जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चिन्हित 58 कालोनियों में से ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत 4 कालोनियों पर विगत दिवस को कार्यवाही की गई थी. उसी चरण अंतर्गत 2 अवैध कालोनियों पर कार्रवाई आज गुरुवार को की गई. वार्ड 62 के ग्राम पदमपुर खेरिया एवं मुरार में अवैध कॉलोनी का विकास कर सड़क सीवर बाउंड्री एवं विद्युत पोल आदि निर्मित किए गए थे जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई तथा एक कॉलोनाइजर को विकास अनुज्ञा लेने के उपरान्त ही कार्य करने की हिदायत दी गई.



## सैनिक का राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**गरोठ.** जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान मुकेश कुमार प्रजापति का गुरुवार को उनके पैतृक गांव खड़ावदा बानियाखेंडी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई.

# विधायक ने लिया तैयारियों का जायजा

### कलेक्टर ने सीएम के दौरे के संबंध में दिए निर्देश

**रीवा, 29 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा करके मंदिर में ध्वज चढ़ाएंगे.**

इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. समारोह में निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा. विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर



समारोह की तैयारियों का जायजा लिया. कलेक्टर ने मंदिर परिसर, मुख्य कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया. मंदिर के लोकार्पण के समय सीमित संख्या में लोगों को मंदिर में प्रवेश दें. समारोह में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे. उनके बैठने, पेयजल और सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करें. वाहनों के पार्किंग स्थल रैम्प बनाकर आवागमन सुगम कराएं. इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे.

## आठ जिलों से आए 169 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जबलपुर.** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जबलपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान संभाग (जोन) स्तरीय प्रदर्शनी का समापन गुरुवार को डाईट परिसर में हुआ। समापन समारोह पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. राम मोहन तिवारी के मुख्य आतिथ्य में माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाईट प्राचार्य अजय दुबे ने प्रदर्शनी के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि डॉ. तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और कौशल को निखारते हैं.

# मीडिया वाले मुझसे जलते हैं : विजय शाह

### मंत्री ने मेडिकल छात्रों के लिए खजाना खोला

**खंडवा,29 जनवरी. प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने गुरुवार को खंडवा में अपने चिर-परिचित बेबाक अंदाज और तीखे तेवरों से एक बार फिर सियासी हलचल बढ़ा दी.**

अवसर था नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ का, लेकिन चर्चा मंत्री के भाषण, मीडिया पर कटाक्ष और कॉलेज प्रबंधन पर कसे गए तंज की ज्यादा रही. कार्यक्रम में बतौर मुख्य



अतिथि शामिल हुए मंत्री शाह ने भरे मंच से दो टूक कहा मीडिया वाले मुझसे जलते हैं. दरअसल, अपने संबोधन के दौरान मंत्री शाह अपने विभाग द्वारा मेडिकल छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दे रहे थे. उन्होंने बताया कि सरकार ने इस साल 14 छात्रों की फीस भरी है और प्रत्येक को 37-37 लाख रुपये दिए हैं. अपनी बात को प्रमाणिक साबित करने उन्होंने मंच पर ही एक सूची लहराई और पीए से कहा कि यह लिस्ट मीडिया वालों को दे दो, क्योंकि 'मीडिया वाले मुझसे जलते हैं' और उन्हें लगता है कि मैं मन से कुछ भी बोल देता हूँ. मंत्री का यह बयान वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बन गया.

# बस स्टेंड को प्रशासन ने किया क्लीन, सौ अवैध गुमटियां हटाई

### फल-सब्जियां व चांट, बीडी पुडियां की स्टॉल पर कार्रवाई

**शिवपुरी, 29 जनवरी. खनियाधाना बस स्टैंड पर आमजनों की शिकायतों और जाम को देखते हुए आज प्रशासन, राजस्व, पुलिस और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए लगभग 100 फल-सब्जियां व चांट, बीडी पुडियां की स्टोल आदि को हटा दिया.**

कार्यवाही के बाद बस स्टैंड का स्वरूप बदला हुआ नजर आ रहा है. खनियांधाना बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्यवाही खनियांधाना नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं



पुलिस विभाग ने की. बस स्टैंड पर दोनों साइड अवैध रूप से रखी गुमटियां और बीच रास्ते मे चांट और फल सब्जियों के ठेले लगा कर अबैध रूप से अतिक्रमण किया गया था जिससे लगातार आवागमन घंटो बाधित रहता था जिससे सैकड़ो यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### आयोजन | संत अलॉयसियस महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# परिश्रम ही जीवन को सार्थक बनाता है : फराओ

**जबलपुर, 29 जनवरी. अतीत का सम्मान, वर्तमान का उत्सव और भविष्य के लिए सतत परिश्रम ही जीवन को सार्थक बनाते हैं. उक्त बातें संत अलॉयसियस महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्डिनल फिलिप नेरी फराओ ने कही.**

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. वलन अरासू ने कहा कि सफलता का सही मापदंड समाज पर पड़ने वाला सकारात्मक प्रभाव है. उन्होंने विद्यार्थियों से साहस, दयालुता और विविधता के सम्मान को



जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया. अवसर था संत अलॉयसियस महाविद्यालय सत्र 2023-24 के पदक वितरण समारोह का, जहां का परिसर आज गर्व, उत्साह और उपलब्धियों के उल्लास से सराबोर नजर आया.

समारोह में 44 स्वर्ण पदक और 33 प्रमाणपत्र वितरित किए. विशेष आकर्षण रहीं बीएससी बायो समूह की छात्रा सुरभि साह, जिन्होंने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर सर्वाधिक सम्मान अपने नाम किया. सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पीटर रुमाल खराडी, जेराल्ड अल्मेडा, डॉ. डेविस जॉर्ज रहे. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एंटोन रोज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.

# स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तनों से जुड़ें सभी

### हिन्दू सम्मेलन, वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**दमोह, 29 जनवरी. संघ के शताब्दी वर्ष की कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों में गुरुवार को दमोह नगर का विशाल हिन्दू सम्मेलन नगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया.**

आयोजन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए और वक्ताओं के विचारों को सुना. आयोजन का प्रारंभ भारत माता, राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर हुआ. इसके बाद मंच पर सभी समाज और वर्ग प्रमुखों के रूप में आमंत्रित अतिथियों स्थान ग्रहण कराकर उनका स्वागत किया गया.



मंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति में बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका और कविताओं की प्रस्तुति दी और समापन भारत माता की आरती और सहभोज के साथ किया गया. इस दौरान प्रमुख साध्वी सरस्वती देवी, राष्ट्रीय सेविका समिति शैलजा, संघ के सह प्रांत प्रचारक प्रभात ने अपने विचार रखे.

साध्वी सरस्वती देवी ने कहा कि धर्म छोड़ने वाला कहीं भी जाए, कही भी रहे लेकिन मृत्यु के बाद पंच महाभूतो में ही मिलना होगा. मैं आज सभी सनातन छोड़ने बालों से अनुरोध करती हूं कि सनातन में घर वापसी कर लो .यहां सभी हिन्दू आपका तिलक लगाकर स्वागत करेंगे. उन्होंने महिलाओं से कहा कि हमारे धर्म में सात जन्मों के बंधन की होता है जिसे आज जेंडर इक्वलिटी के नाम पर तोड़ा जा रहा है. परिवार की नारी यदि महान होगी तो बेटा भी महान होगा. मंचीय कार्यक्रमों में सनातन और देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां आयोजन का विशेष आकर्षण रही.

## कोहरे में मिट्टी के ढेर पर चढ़ी बस, कंटेनर ने मारी

**शिवपुरी.** शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-46 पर पूरनखेड़ी के पास भगवती वेयरहाउस के सामने सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. हाईवे पर नवीन ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते सड़क की एक लेन बंद की गई है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा मौके पर किसी प्रकार के चेतावनी बोर्ड या साइन नहीं लगाए गए थे. कम दृश्यता के चलते इंदौर से शिवपुरी जा रही एक निजी ट्रैवल्स की स्लीपर बस सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर पर चढ़ गई. इसी दौरान पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने बस को टक्कर मार दी.हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई.